1-The President of India, Ram Nath Kovind laid the foundation stones for Uttar Pradesh National Law University and new building complex of Allahabad High Court.

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए भवन परिसर की आधारशिला रखी।

2-Prime Minister Narendra Modi has announced to establish a chair in the name of Subramanya Bharti ji in Banaras Hindu University.

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में सुब्रहमण्य भारती जी के नाम से पीठ स्थापित करने की भी घोषणा की।

3-Union Agriculture and Farmers' Welfare Minister, Narendra Singh Tomar visited Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences and Technology (SKUAST) in Jammu and laid the foundation stone of Gene Bank and Cold Storage facility at Mega Seed Unit.

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जम्मू में शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दौरा किया और मेगा बीज इकाई में जीन बैंक और कोल्ड स्टोरेज सुविधा की आधारशिला रखी।

4-Former Union Minister Vijay Goel took charge as Vice Chairman of Gandhi Smriti and Darshan Samiti at a function in Gandhi Smriti, New Delhi, the site of the Martyrdom of Mahatma Gandhi, the Father of the Nation.

पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत स्थल, गांधी स्मृति, नई दिल्ली में एक समारोह में गांधी स्मृति व दर्शन समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला।

5-Sardar Iqbal Singh Lalpura took charge as the Chairman, National Commission for Minorities in the presence of Union Minister for Minority Affairs Shri Mukhtar Abbas Naqvi in New Delhi.

सरदार इकबाल सिंह लालपुरा ने नई दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की उपस्थिति में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला।

6-Th Union Minister for Food Processing Industries, Pashupati Kumar Paras and the Minister of State for Food Processing Industries, Prahlad Singh Patel, inaugurated 7 food processing projects at Uttar Pradesh, Andhra Pradesh and Tamil Nadu, through video conferencing.

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस एवं राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य के 7 खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।

7-National Mineral Development Corporation Ltd. (NMDC) partners with Grace Cancer Foundation for Freedom Run 2021, as part of its celebrations of Azadi Ka Amrit Mahotsav.

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) ने आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में फ्रीडम रन 2021 के लिए ग्रेस कैंसर फाउंडेशन के साथ साझेदारी की।

8-Atal Innovation Mission (AIM), NITI Aayog in collaboration with the Indian Space Research Organisation (ISRO) and Central Board of Secondary Education (CBSE) successfully launched the ATL Space Challenge 2021 for all school students across the country.

अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ मिलकर देश के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए एटीएल स्पेस चैलेंज 2021 लॉन्च किया है।

9-Britain's gross domestic product (GDP) is estimated to have grown only by 0.1 per cent monthly in July, the Office for National Statistics (ONS) said.

ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में जुलाई में मासिक केवल 0.1 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

10-Hugely popular Malayalam TV star Ramesh Valiyasala has passed away. He was 54.

बेहद लोकप्रिय मलयालम टीवी स्टार रमेश वलियासाला का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे।